स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 10.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त श्री सुंदरानी ने सभी जोन अंतर्गत प्रमुख स्थलों सहित बाजारों में रात्रिकालीन सफाई किये जाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये।

भिलाईनगर/ निगम के जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रिकालीन सफाई के कार्य किये जा रहें हैं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आकाश गंगा सुपेला, पत्रकार लाईन, आकाश गंगा सब्जी मण्डी, शीतला तालाब शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, परिया पारा, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्प्लेक्स, स्टेशन रोड मरोदा सहित सार्वजनिक स्थल में सफाई की गई। जिसका निगम के नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 संदरानी के द्वारा निरंतर आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है।

निगम का स्वास्थ्य अमला सभी वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ–साथ आम नागरिकों से भी अपील की जा रही है कि वे 20 नवम्बर को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखें गंदगी फैलाये जाने पर निगम एक्ट के तहत् कार्यवाही की जावेगी। रात्रिकालीन साफ–सफाई व्यवस्था में दुकान बंद होने के बाद स्वास्थ्य कर्मचारी सफाई के कार्य कर रहें हैं यह कार्य निरंतर सभी वार्डों के प्रमुख स्थलों पर चलाये जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने स्वास्थ्य अधिकारी को दिये तथा प्रतिदिन की जा रही साफ–सफाई व्यवस्था की जानकारी से अवगत कराने को कहा गया।

अपने–अपने प्रभार वाले वार्ड के स्वास्थ्य निरीक्षकों के द्वारा व्यापारियों से अपने दुकान के सामने गुदगी न फैलाये जाने की अपील भी की जा रही है।

जनसम्पर्क अधिकारी